BSES

बीएसईएस उपभोक्ताओं को मिला 5 करोड़ का कैश–बैक

नई दिल्लीः 1 मार्च, 2016। एक महीने पहले शुरू की गई कैश–बैक स्कीम के तहत, बीएसईएस उपभोक्ताओं को अब तक, करीब 5 करोड़ रूपये का कैश–बैक मिला है। बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के उपभोक्ताओं के लिए पेटीएम की ओर से यह स्कीम लॉन्च की गई थी। स्कीम 31 मार्च तक के लिए है।

अब तक करीब 2.50 लाख उपभोक्ताओं ने इस कैश–बैक स्कीम का लाभ उठाया है। इनमें 1.83 लाख उपभोक्ता दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली के हैं, जबकि 66 हजार उपभोक्ता पूर्वी और मध्य दिल्ली के हैं।

कूपन कोड, जिससे मिलेगा कैश–बैकः बीएसईएस200/ बीएसईएस150

ड्यू डेट से 7 दिन पहले भुगतान करने वाले उपभोक्ता, कूपन कोड बीएसईएस200 का इस्तेमाल करें। इससे उन्हें 200 रूपये का फ्लैट कैश–बैक मिलेगा। या, बाकी के अन्य दिनों में लेकिन ड्यू डेट से पहले भुगतान करने वाले उपभोक्ता, कूपन कोड बीएसईएस150 का इस्तेमाल करें। इससे उन्हें 150 रूपये का कैश–बैक मिलेगा।

क्या है स्कीमः

पेटीएम ने खासतौर पर बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए एक कैश बैक स्कीम लॉन्च की है। इस सिलसिले में बीएसईएस और पेटीएम के बीच एक समझौता–पत्र पर दस्तखत किए गए हैं। स्कीम के तहत, यदि उपभोक्ता ड्यू डेट से 7 दिन पहले अपने बिजली बिल का भुगतान कर देते हैं, तो उन्हें प्रति बिल 200 रूपये का कैश बैक मिलेगा। और, यदि वे बाकी के अन्य दिनों में लेकिन ड्यू डेट से पहले भुगतान करते हैं, तो उन्हें प्रति बिल 150 रूपये का कैश बैक मिलेगा।

कहां करें बिल का भुगतानः

कैश– बैक स्कीम का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को पेटीएम की वेबसाइट या पेटीएम ऐप के माध्यम से बिल का भुगतान करना होगा। बिल का भुगतान विभिन्न माध्यमों से किया जा सकता है, जिनमें डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और पेटीएम वॉलेट के जरिए भुगतान भी शामिल है।

कैसे करें बिल का भुगतानः

इच्छुक उपभोक्ता पेटीएम डॉटकॉम या पेटीएम ऐप पर जाएं और इलेक्ट्रिसिटी बिल पेमेंट के विकल्प पर क्लिक करें। बीएसईएस राजधानी/ बीएसईएस यमुना को सेलेक्ट करें और अपना सीए नंबर डालें। इसके बाद, रकम वाले कॉलम में यह दिखेगा कि आपको कितनी रकम के बिल का भुगतान करना है।

भुगतान के बाद पेटीएम एप्लिकेशन, एसएमएस और ईमेल के माध्यम से रसीद आपको मिल जाएगी। याद रखें, ड्यू डेट के 7 दिन पहले बिल का भुगतान करने पर ही 200 रूपये का कैश बैक मिलेगा।